आयुष विभाग ने किये चार हज़ार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर करार

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2023 को उत्तराखंड आयुष विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिये आयुष विभाग ने अब तक चार हज़ार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि उत्तराखंड में आयुष और वेलनेस क्षेत्र में नए निवेश से आने वाले समय में छह हज़ार लोगों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे।
- सरकार ने आयुष व वेलनेस क्षेत्र में पाँच हज़ार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा है। आयुष विभाग ने लक्ष्य के सापेक्ष चार हज़ार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर एमओयू किया है।
- इसमें पतंजलि के साथ एक हज़ार करोड़ रुपए के निवेश पर करार हुआ है। पतंजलि प्रदेश में वेलनेस, योग और औषधीय पौधों के उत्पादन को बढ़ावा देने में निवेश करेगा।
- इसके अलावा कुमार ग्रुप के साथ वेलनेस व योग में 1700 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू किया गया है।
- सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले 800 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा। आयुष नीति में वेलनेस, आयुष क्षेत्र में निवेश करने पर पाँच प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की व्यवस्था है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayush-department-signs-agreement-on-investment-proposal-of-rs-4,000-crore